	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साअधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
	फाल्गुन 27, मंगलवार, *शाके* 1941–मार्च 17, 2020 *Phalguna 27, Tuesday, Saka 1941–March 17, 2020*	

भाग 1 (क)

नियुक्तियां,छुटिटयों आदि के संबंध में समस्त विज्ञप्तियां।

उपभोक्ता मामले विभाग

अधिसूचना

जयपुर, फरवरी 20,2020

संख्याएफ. 89(3)उ०मा०वि/उ०सं०/06– IV:-उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 10 की उप धारा (1-ए) के अन्तर्गत गठित चयन समिति की अभिशंषा के अनुसार राज्य सरकार **श्री रमेश चन्द मीना, अध्यक्ष,** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष मंच, भीलवाडा को "स्थानान्तरण पर नियुक्ति" के जरिए अध्यक्ष, जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष मंच, कोटा के पद पर नियुक्त करती है।

श्री रमेश चन्द मीना की स्थानान्तरण पर नियुक्ति जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष मंच, भीलवाड़ा के अध्यक्ष के रूप में मूल पदस्थापन स्थान से कार्यभार संभालने की तिथि से निरन्तरता में पाँच वर्ष की अवधि या उनके 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक; जो भी पहले हो, के लिए ही होगी। श्रीमान को स्थानान्तरण यात्रा भत्ता एवं कार्यग्रहण काल देय नहीं होगा।

श्री रमेश चन्द मीना की नियुक्ति एवं सेवा की अन्य शर्तें उनकी नियुक्ति की पूर्व में जारी अधिसूचना दिनांक 12.04.2018 के अनुसार ही होगी।

राज्यपाल की आज्ञा से,
सिद्धार्थ महाजन,
शासन सचिव (उपभोक्ता मामले)

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।